आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 25.11.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– संसद में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में अपना योगदान दें।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ ही स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाने पर जोर दिया।
- वरिष्ठ आईपीएस दीपम सेठ को उत्तराखंड का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- रुद्रप्रयाग जिले में पांडव नृत्य उत्सव की धूम।

संसद सत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संसद के शीतकालीन सत्र से पहले पत्रकारों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पूरे उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में लगा है। संसद का ये सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। श्री मोदी ने कहा कि कल संविधान सदन में सभी मिलकर संविधान के उत्सव की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को हाल ही में हुए राज्यों के विधानसभा चुनावों ने मजबूत किया है। विपक्ष पर इस जनादेश को स्वीकार नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के प्रमुख दल पर संविधान की भावना के विपरीत सदन को चलने नहीं देते। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है और यह 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में 16 महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होगी, जिनमें वक्फ संशोधन विधेयक प्रमुख है। आज लोकसभा में बैंकिंग विधियां (संशोधन) विधेयक– 2024 और रेल (संशोधन) विधेयक– 2024 पेश किए जा रहे हैं।

लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सदस्यों से आग्रह किया है कि वे संविधान सभा की बहसों और चर्चाओं से प्रेरणा लेते हुए सदन में संसदीय मर्यादा का पालन करें।

आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने आशा व्यक्त की है कि सभी सांसद सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा की परंपरा में योगदान देंगे। उन्होंने संसद सदस्यों से संसद में मर्यादा के उच्चतम मानक स्थापित करने की अपील की।

सशक्त उत्तराखंड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ ही स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाया जा रहा है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 43वें अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तराखंड दिवस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि, बागवानी, हस्त शिल्प जैसे अनेकों क्षेत्र में उत्तराखंड आत्मनिर्भर बन रहा है। महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने में राज्य की महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रदेश की महिलाएं अपने साथ अन्य लोगो को भी रोज़गार दे रही हैं। प्रदेश में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड के उत्पाद आज देश विदेश तक जा रहें हैं। उत्तराखंड नए डेस्टीनेशन के रूप में लगातार आगे बढ़ रहा ळें गौरतलब है कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के पिछले एक सप्ताह में एक करोड़ 16 लाख रुपए के उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों की बिक्री हुई है। इसके साथ 2 करोड़ के ऑर्डर भी हस्त शिल्पकारों को मिले हैं।

पुलिस महानिदेशक

उत्तराखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस दीपम सेठ को उत्तराखंड का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आज राज्य के गृह सचिव शैलेश बगौली ने आदेश जारी कर दिए हैं। दीपम सेठ वर्ष 1995 के बैच के अधिकारी हैं। दीपम सेठ वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी के अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे।

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन–आईसीए के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के एक सौ तीस वर्षों के इतिहास में पहली बार वैश्विक सहकारिता सम्मेलन और आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष – 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे। इस सम्मेलन में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे और फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिका–मिका भी शामिल होंगे।

पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग जिले के तल्लागपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत तड़ाग में ग्यारह वर्ष बाद पांडव नृत्य उत्सव आयोजित किया जा रहा है। पारंपरिक वाद्य यंत्र की थाप पर पांडव नृत्य में ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। 12 नवम्बर से शुरू हुए पांडव नृत्य में प्रतिदिन पंचांग पूजन, गणेश पूजन के साथ ही ईष्ट देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना हो रही है। साथ ही पांडवों का आह्वान किया जा रहा है। ग्राम प्रधान बृजमोहन सिंह नेगी ने बताया कि ग्राम पंचायत के 90 परिवारों के सहयोग से ये आयोजन किया जा रहा है।

विधायक की प्राथमिकता

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव में जीत हासिल करने के बाद नवनियुक्त विधायक आशा नौटियाल ने क्षेत्र के विकास का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि केदारनाथ विधानसभा का सुनियोजित विकास और यातायात सुविधा से वंचित गांवों को सड़क से जोड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार सेवा का बेहतर ढांचा तैयार किया जाएगा।

यूकेडी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष

उत्तराखंड क्रांति दल– यूकेडी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार का ऋषिकेश में नटराज चौक के पास एक सड़क हादसे में निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि त्रिवेंद्र सिंह पंवार उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रमुख आंदोलनकारियों में शामिल थे। उन्होंने संसद में घुसकर अलग राज्य की मांग को लेकर पर्चे फेंकने समेत अन्य आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

इतिहास के पन्नो

और अब बात करते हैं इतिहास के पन्नों में आज के दिन की ऐतिहासिक घटनाक्रमों में कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं की। आज बात विश्व महिला हिंसा उन्मूलन दिवस की। आज के दिन 1981 में शुरु हुई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के साथ हो रही हिंसा के प्रति लोगों को जागरूक करना था।